BSNL EMPLOYEES UNION

Recognised Union in BSNL

(Registered Under Indian Trade Union Act 1926. Regn.No.4896)

CHQ:Dada Ghosh Bhawan, Opp. Shadipur Bus Depot., New Delhi – 110008

Email: bsnleuchq@gmail.com, website: bsnleu.in

P. Abhimanyu
General Secretary

Phone: (O) 011-25705385
Fax : 011- 25894862

बीएसएनएलईयू/102 (सर्कुलर सं. 11) दिनांक 19 मई 2018

सेवा में,

सभी सर्किल सचिव,
केंद्रीय पदाधिकारी
और जिला सचिव

साथियो,

नुक्कड़ मीटिंगें

ऑल यूनियंस एंड एसोसिएशंस ऑफ बीएसएनएल (एयूएबी) के आह्वान के अनुरूप 07 से 11 मई 2018 को देशभर में नुक्कड़ मीटिंगें आयोजित की गईं। देश के अधिकतर भागों में भारी गर्मी के बावजूद कार्यक्रम बहुत ही सफलता के साथ आयोजित किया गया। निश्चित रूप से इस कार्यक्रम ने सरकार के बीएसएनएल को टुकड़ों में तोड़ने के इरादे के बारे में देश की आम जनता में जागरूकता पैदा करने में बड़ा काम किया है। बीएसएनएलईयू का सीएचक्यू इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए एयूएबी के तमाम नेताओं और बीएसएनएलईयू के सर्किल और जिला सचिवों को हार्दिक बधाई देता है।

सीएचक्यू सर्किल सचिवों से अपने–अपने सर्किलों में चलाए गए कार्यक्रम के बारे में रिपोर्ट भेजने का अनुरोध करता है। कृपया सर्किल में आयोजित की गई नुक्कड़ मीटिंगों की कुल संख्या, जनता में बांटे गए पर्चों की संख्या, और छपाए गए पोस्टरों/फ्लैक्स बोर्डों की संख्या के बारे में विस्तृत जानकारी रिपोर्ट में दी जाए।

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र ट्रेड यूनियनों की अखिल भारतीय कन्वेंशन

केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र ट्रेड यूनियनों की एक राष्ट्रीय कन्वेंशन 30.05.2018 को नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है। कन्वेंशन का आयोजन सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी प्रतिष्ठानों के विनिवेश/निजीकरण के खिलाफ, मोदी सरकार की निश्चित अवधि रोजगार अधिसूचना के खिलाफ और सार्वजनिक क्षेत्र कर्मचारियों के वेतन संशोधन के समझौते की मांग करते हुए किया जा रहा है। यह एक महत्वपूर्ण कन्वेंशन है जो उपर्युक्त महत्वपूर्ण मुद्दों पर भावी कार्रवाई का रास्ता तय करेगी। बीएसएनएलईयू की अखिल भारतीय केंद्र की मीटिंग 09.05.2018 को हुई जिसमें यूनियन के सभी सर्किल सचिवों से इस कन्वेंशन में भाग लेने का अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। इसी के अनुरूप सीएचक्यू सभी सर्किल सचिवों से कन्वेंशन में भाग लेने का अनुरोध करता है।

वेतन संशोधन के मुद्दे पर घटनाविकास

डॉट ने अपने पत्र सं. एफ 62–2/2016–एसयू दिनांक 2018 के माध्यम से बीएसएनएल प्रबंधन को बीएसएनएल में नॉन–एक्जीक्यूटिवों के लिए वेतन संशोधन के हल के लिए वार्ता शुरू करने की क्लीयरेंस दे दी है। इसके फलस्वरूप बीएसएनएलईयू ने प्रबंधन से वेतन पर समझौता करने के लिए वार्ता चलाने के लिए फौरन संयुक्त कमेटी गठित करने की मांग की है। बीएसएनएल प्रबंधन संयुक्त कमेटी गठित करने की प्रक्रिया में है।

कामरेड मोनी बोस स्मृति व्याख्यान

कॉम. मोनी बोस की 8वीं बरसी 19 मई 2018 को है। अगरतला सीईसी मीटिंग ने उस दिन **नव–उदारवादी नीतियों** और **साम्प्रदायिक सद्भाव** के मुद्दों पर कामरेड मोनी बोस स्मृति व्याख्यान आयोजित करने का निर्णय लिया है। उसी के अनुरूप के जी बोस मेमोरियल ट्रस्ट इन व्याख्यानों का आयोजन कर रहा है। कॉम. प्रबीर पुरकायस्थ **साम्प्रदायिक सद्भाव** पर और डॉ. सात्यकी रॉय **नव–उदारवादी नीतियों** पर व्याख्यान देंगे। उत्तर भारतीय सर्किलों से कामरेड इन व्याख्यानों में भाग लेंगे।

05 सितम्बर 2018 को नई दिल्ली में ऐतिहासिक मजदूर किसान संघर्ष रैली

बीएसएनएलईयू उत्तरोत्तर सरकारों द्वारा लागू की जा रही जनविरोधी और अमीर समर्थक नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आहूत सभी आम हड़तालों में लगातार भाग लेती रही है। बीएसएनएलईयू इन नीतियों के खिलाफ सभी दूसरे संघर्षों में भी अगली कतार में रही है। मजदूर वर्ग के भारी विरोध के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार ने देश के सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म करने के लिए चौतरफा हमले किए हैं। वह उन सभी सुरक्षाओं को खत्म करने पर तुली हुई है जो मजदूर वर्ग के लिए वर्तमान कानूनों में मौजूद हैं। किसान और मेहनतकश जनता के दूसरे हिस्से मोदी सरकार की कारपोरेट समर्थक नीतियों से अत्यधिक प्रभावित हुए हैं। इन परिस्थितियों में 05 सितम्बर 2018 को नई दिल्ली में एक **मजदूर किसान संघर्ष रैली** का आयोजन किया जा रहा है। यह सरकार की प्रतिगामी नीतियों के खिलाफ संघर्ष में एक मील का पत्थर होने जा रही है। बीएसएनएलईयू को जोकि भारतीय मजदूर वर्ग आंदोलन का एक अभिन्न हिस्सा है इस रैली में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। बीएसएनएलईयू की अखिल भारतीय केंद्र की 18.05.2018 को हुई मीटिंग में यह तय किया गया है कि प्रस्तावित मजदूर किसान संघर्ष रैली के लिए कम से कम 3000 कामरेडों को लामबंद किया जाएगा। सभी सर्किल और जिला यूनियनों से अनुरोध है कि वे इस रैली में बड़ी संख्या में हमारे कामरेडों को लामबंद करने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दें। अंतिम क्षणों की परेशानी से बचने के लिए यात्रा के लिए टिकट पहले ही बुक करवा लें। प्रत्येक सर्किल से भाग लेने वाले साथियों की संख्या के बारे में सीएचक्यू को आवास बुक करने हेतु काफी पहले सूचित करना चाहिए।

सधन्यवाद

आपका

(पा आभमन्यु)
जनरल सेक्रेटरी